MAHESHWARI MAHILA E-PATRIKA

पत्रिका पंजीयन क्र./2001/6505 दिनांक 29/04/2002 पोस्ट पंजीयन क्र. 536

माहेश्वरी महिला

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन का मुख

फरवरी 2024

वर्ष-1
अंक-3

रामलला विशेषांक

एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन

संस्कृतिसिद्धा आध्यात्म व परंपरा समिति के अंतर्गत प्रभु श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 19 जनवरी 2024 को राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम **''एक शाम प्रभु श्रीराम के नाम''** लिया गया। जिसमें पाँचों अंचल के 27 प्रदेशों की भागीदारी रही। कार्यक्रम में राम संवाद स्पर्धा में पूर्वांचल से **''राम हनुमान''**, पश्चिमाचंल से **''राम केवट''**, मध्यांचल से **''राम जटायु''**, उत्तरांचल से **''राम शबरी''**, दक्षिणाचंल से **''राम विभीषण''** पर राम के साथ संवाद स्पर्धा सांस्कृतिक रुप में किया गया। जिसमें हनुमान - भक्ति में शक्ति का संदेश, केवट- जिसने भगवान की क्षमता को समझ लिया वो केवट की भांति अपने जीवन को सार्थक बना लिया संदेश।

जटायु - महिलाओं का सम्मान और जीव जन्तु के प्रति अनुराग का संदेश, **शबरी** - समाजिक समरसता का संदेश, **विभीषण** - सत्य मार्ग पर चलने का संदेश, सभी प्रसंग एक से बढ़कर एक थे। जिसमें उपाधि द्वारा पुरस्कार दिये गये।

मध्यांचल - राम सिद्धी, पश्चिमाचंल - राम सुवर्णा, दक्षिणाचंल - राम रत्न, उत्तरांचल - राम मणी, पूर्वांचल - राम प्रभा

कार्यक्रम से पूर्व पांच दिवस पहले बच्चों में हमारे भारतीय संस्कारों से रुबरु कराने और सभी को कार्यक्रम में आने के लिए उनसे भजन गवाकर सबको निमंत्रण दिया गया जिसको सबने बहुत पसन्द किया। कार्यक्रम में रा.अध्यक्ष मंजू जी बांगड, रा.महामंत्री ज्योति जी राठी युवा संगठन के रा. अध्यक्ष शरद जी सोनी सभी रा.पदाधिकारी पूर्व अध्यक्ष का अमूल्य आशीर्वाद मिला।

सैकड़ों वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला पधारे.. सभी को बहुत-बहुत बधाई

अवध में राम आये हैं

अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े जोश व उत्साह से सम्पन्न

''सुमन सृष्टि, नभ संकुल भवन चले सुखकंद।
चढ़ी असदित देखहि, नगर नारि भर वृंद।।''

अर्थात् तुलसीदासजी ने लिखा था जब रामलला अपने भवन को चले तो पूरा आकाश फूलों की वृष्टि से छा गया था, अयोध्यावासी बड़े उत्साह से अटारियों पर चढ़कर उनके दर्शन कर रहे थे वैसा ही माहौल पुनः 22 जनवरी को अयोध्या में था और अब हम सब बड़े सौभाग्यशाली हैं, जो कठिन संघर्ष के उपरांत रामलला के निज मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के प्रत्यक्ष दर्शन कर साक्षी बन पाये। 1500 वर्ष का तप व कई लोगों का त्याग व समर्पण तथा राम व शरद कोठारी बंधु व अविनाश माहेश्वरी का बलिदान फलीभूत हुआ। भारत के आत्मविश्वास, अस्मिता, स्वाभिमान व संस्कृति की जीत हुई। लोगों ने बंदनवार से सजाया, रंगोली उकेरी, दीपोत्सव से जगमगाया एवं भारत ही नहीं विश्व के कई देशों में रामजी का भव्य स्वागत कर लोगों ने अपनी आस्था, श्रद्धा एवं विश्वास दर्शाया। साथ ही यह भी जताया कि वे ही जन-जन के नायक हैं, वे ही विधि हैं, विधान हैं, जन जन के मन प्राण हैं, जीवन के आधार हैं, आदर्श हैं। जन मानस के रोम-रोम में जो भाव समाया है, वह राम हैं, मर्यादा भी उनमें समाकर संपूर्णता अनुभव करती है।

उनके आचार-विचार, उनकी मैत्री, परिवार के प्रति कर्त्तव्य, गुरुजन, प्रजाजन, ऋषि-मुनि, केवट, शबरी, निषाद, वानर, भालू, गिद्ध आदि के साथ यथोचित व्यवहार, युद्ध संचालन, राज्य संचालन ये सब उनके आदर्श हैं, धर्मानुसार है, मर्यादानुकूल हैं। इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम राम कहलाये। राम लोकनायक हैं, 12 कलाओं से परिपूर्ण हैं। सूर्यवंशी राम त्याग की प्रतिमूर्ति हैं। राजवंश के होने के बावजूद पितृ आज्ञा का पालन हेतु वनवास चल पड़े थे। हमेशा सत्य, साहस, न्याय, प्रेम, धैर्य, दया, करुणा, क्षमा, विनम्रता समानता, शिष्टाचार के परचम फहराये।

एक ओर राम जहां आराधना व आदर्श की मूर्ति हैं, दूसरे वर्ग के लिये ये मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में मान्य हैं। उनके गुणों को जीवन में आत्मसात करें, तभी सार्थकता है। सभी हिंदुओं ने एकजुट होकर राम के प्रति आस्था दर्शाई, यह एक शुभ संकेत है।

जय श्रीराम

श्रीमती सुशीला काबरा
संपादक

पूर्वांचल

पश्चिमांचल

मध्यांचल

उत्तरांचल

दक्षिणांचल

कोलकाता माहेश्वरी महिला संगठन

कोलकाता। कीर्तन भजन, 101 रामचरितमानस की पुस्तक का वितरण राम के आगमन पर ख़ुशी से अपने अपने घरों में दीपक प्रज्वलित करके दीपावली जैसा आयोजन मनाया। पूर्व कोलकाता संपूर्ण रामायण पाठ 5, सुंदरकांड 6501 राम राम पाठ राम दरबार भक्त हनुमान की पोशाक बनवाई,108 दीपक प्रज्वलित किए। भंडारे में 15000/- दिये। राम और शरद कोठारी की स्मृति में संघ को दिया। हावड़ा प्रदेश द्वारा आयोजित भजन गायन, दीपमाला के कार्यक्रम में जिला से 70 बहनों की उपस्थिति थी। दक्षिण कोलकाता हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर किया और राम महोत्सव धूमधाम से मनाया। मध्य कोलकाता सुंदरकांड का पाठ, प्रदेश के आयोजन में सम्मिलित। रिसडा माहेश्वरी सभा के साथ सुंदर झांकियों के सहित 2100 से भी अधिक लोगों की उपस्थिति में शोभायात्रा के बाद प्रसाद वितरण। नवयुवती प्रदेश द्वारा आयोजित रामलीला के आगमन में बहनों की उपस्थिति। बीआईपी अंचल में 40 बहनों के साथ श्री राम जी साथ भजन कीर्तन किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष-मंजु पेडीवाल
प्रदेश मंत्री-कुसुम मुंदडा

मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

56 इंच के सीने की हुंकार हुई,
51 इंच की मूर्ति भी तैयार हुई।
ऐसी अलौकिक कहानी के हम भी भागीदार बने,
और अब सभी मिलकर राम राज्य का स्वप्न बुने।।

भगवान श्री राम, की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में कानपुर में राष्ट्रीय संस्कृति सिद्धा अध्यात्म, समिति की प्रभारी श्रीमती प्रेमा जी झंवर के निवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजुजी बांगड के, नेतृत्व में व श्रीमती प्रेमा झंवर श्रीमती संतोष बाहेती के सानिध्य में, सभी समाज की बहने बंधु गण व परिवार सहित प्रभु राम की पूजा अर्चना की, भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा राम दरबार व ध्वजा के साथ धूमधाम से निकल गई। प्रभु श्री राम को 501 दीप प्रज्वलित कर अर्पित किए गए। छोटी सी अविका झंवर ने सभी के तिलक लगा कर स्वागत किया, राम नाम की टोपी, गले में राम नाम का दुप्पटा, हाथ में राम नाम के झंडे, पताके के साथ ढोल बाजे से शोभा यात्रा निकाली गई। कानपुर मंडल अध्यक्ष श्रीमती शालिनी जी करनानी पूरी टीम, नवयुवक मंडल अध्यक्ष श्री शरद जी लोया अपनी पूरी टीम के साथ, माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट चेयरमैन श्री राजेंद्र जी बांगड़ अपनी टीम के साथ, माहेश्वरी पंचायती धर्मशाला के सचिव श्री संजीव जी अटल अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। तत्पश्चात मधुर भजनों से पूरा वातावरण राममय में हो गया। स्वल्पाहार और प्रसाद, पताके, टोपी श्रीमती प्रेमाजी झवर एवं श्रीमती सीमा झंवर तथा मक्खन माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट के सौजन्य से हुआ । कार्यक्रम में सुजाता राठी, करूणा अटल,राज काबरा, प्रीति राठी, वर्षा लाहोटी, रुचि बाहेती, राधिका मूंदड़ा, तुषिता सांवल की विशेष उपस्थिति के साथ 150 बहनों एवं बंधु गण की उपस्थिति रही। आप सभी का विशेष आभार। विशेष आभार महक झंवर,संगीता झवर, कार्यकर्ता अमित झंवर जिनका कार्यभार संभालने में विशेष सहयोग रहा।

अध्यक्ष-श्रीमती सीमा झंवर
सचिव-श्रीमती नीलम मंत्री

स्वयंसिद्धा समिति ने दिए छात्रों को टिप्स 'शिक्षा' कार्यक्रम में

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत स्वयंसिद्धा समिति के माध्यम से एक कार्यक्रम 3 फरवरी2024 को जूम प्रेक्षागृह में लिया गया। ''शिक्षा'' जिसका ध्येय था मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए होने वाली परीक्षाओं JEE और NEET के लिए माहेश्वरी समाज के छात्रों और छात्राओं को सशक्त करना। इस कार्यक्रम की प्रथम सूचना के रूप में मैसेज और फ्लायर 29 जनवरी को जारी हुआ और 3 फरवरी को जूम सेशन में डॉक्टर दीपा राठी द्वारा काउंसलिंग, आईआईटी खड़गपुर की छात्रा सुश्री अमिषा राठी और मेडिकल की छात्रा सुश्री आभा पलोड़ द्वारा टिप्स और ट्रिक्स के साथ गाइडेंस का सेशन कंडक्ट किया गया। सेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू जी बांगड़ और राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती ज्योति जी राठी की गरिमामयी उपस्थिति में नोट्स डॉक्यूमेंट लॉन्च किए गए।

तीन ग्रुप में 5 दिन के अल्प समय में 1419 लोग जुड़े थे, जिन्हें नोट्स प्राप्त हो चुके हैं बहुत से लोग नोट्स प्राप्त कर चुके हैं और नए लोग भी जुड़ रहे हैं, यह ग्रुप एग्जाम्स तक चालू रहेंगे और रात को 9 बजे से 10 बजे तक के समय में विद्यार्थियों के डाउट्स क्लियर किए जाते हैं।

राष्ट्रीय अध्यक्ष-श्रीमती मंजू बांगड़
राष्ट्रीय महामंत्री-श्रीमती ज्योति राठी

तेलंगाना आंध्र प्रादे. माहे. महिला संगठन

तेलंगाना आंध्र प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के अन्तर्गत संस्कृति सिद्धा समिति द्वारा प्रभु श्रीराम के आगमन उत्सव माहेश्वरी भवन में झांकियां ढोल नगाड़ों के साथ भव्यता से सम्पन्न हुआ । लव कुश रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका का मंचन किया। विधायक टी राजा सिंह तथा गणमान्य व्यक्तियों एवं, 250 बहनों की उपस्थिति रही। प्रदेश में, जिलों में वरंगल, निजामाबाद जिले में अक्षत यात्रा, राम रक्षा स्तोत्र पाठ, मानकोटा जिले में 16 से 22 तारीख तक सुबह प्रभातफेरी, आरती प्रसाद वितरण,विजयवाड़ा में राम स्थापना के दिन आतिशबाजी, मंदिर में जन समुह भक्ति रस राम धुन में लीन हो गए,मंचरियाल में राम रक्षा स्तोत्र पाठ, भजन कीर्तन प्रसाद वितरण किया।

विशाखापत्तनम 21 से अखंड रामायण पाठ बिठाया 22 तारीख को संपन्न किया, तदोपरांत आरती प्रसाद वितरण किया अन्य सभी जिलों में, जगहों पर भी सुन्दर काण्ड पाठ, भंडारा, उत्सव, जुलुस लाईव टेलीकास्ट के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सभी स्थानीय संगठन ने भी राम स्थापना धूमधाम से मनाया।

अध्यक्ष-रजनी राठी * मंत्री-मंजू लाहौटी

पूर्वी उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

हर्ष और उल्लास के साथ 22 जनवरी को प्रदेश द्वारा वाराणसी में प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया गया। सुबह 8:30, पीले परिधान में सजे 125 समाज जन के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। तत्पश्चात कैलाश मठ के प्रांगण में सात हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा बहुत ही सुंदर प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई। राम दरबार की सुंदर झांकी निकाली गई।

राम भजन, स्तुति एवं श्लोकों से पूरे प्रांगण में राम का ही नाम सुनायी दे रहा था। बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या का लाइव प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिखाया गया। उसके बाद सभी ने स्वादिष्ट प्रसाद ग्रहण किया। पूरा वातावरण राममयी हो गया , हर जगह,हर तरफ जय श्रीराम का ही नाम गूंज रहा था। इस भव्य आयोजन में समाज के 250 लोग उपस्थित थे। लखनऊ,भदोही,प्रयागराज,मिर्जापुर एवं अन्य सभी जगह प्रदेश के आव्हान पर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भरपूर जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया।

अध्यक्ष-भारती करवा * सचिव-पुष्पा धूत

श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन का कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन इन्दौर के तत्वाधान में 14 जनवरी को मुकुट मांगलिक भवन गुमास्ता नगर में कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अखिल भारतीय सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती ललिताजी मालपानी द्वारा महिला संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया और कारकर्ताओ को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । श्रीमती निशा जी कचोलिया द्वारा सकारात्मक सोच पर अपने विचार संगठन के समक्ष रखे । प्रशिक्षण के पश्चात बच्चों के लिए खेलों का आयोजन किया गया जिसमें भगवान राम से संबंधित खेल प्रतियोगिताएं जैसे रामजी का तीर, राम लक्ष्मण जानकी सूझबूझ है आपके ज्ञान की, रामजी की जोड़ी, धनुष तोड़ जैसी प्रतियोगिताएं जिसे संयोजक गण प्रज्ञा सोमानी, अलका सिंगी एवं आरती राठी द्वारा बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ संपन्न किया गया। अध्यक्ष साधना जी कचोलिया एवं मंत्री पिंकी जी काकानी ने सभी को आभार प्रेषित किया। इस अवसर पर सभी पधाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

अ.-साधना कचोलिया
***सचिव पिंकी काकाणी**

नेपाल माहेश्वरी महिला संगठन

नेपाल माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत आध्यात्म एवं परंपरा समिति (संस्कृति सिद्धा) द्वारा भगवान श्री राम की विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 18 जनवरी से 22 जनवरी तक सभी स्थानीय मंचों की बहनों द्वारा कुल मिलाकर 10 लाख 2032 राम राम की माला की गई। इस पुण्य कार्य में सभी स्थानीय मंचों ने उत्साह से सहभागिता दिखाई और रामायण, सुंदरकांड एवं दीपोत्सव का आयोजन भी किया। दीपोत्सव का आयोजन ने इस महोत्सव को अद्भुतता से भरा बनाया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से, संगठन ने सभी सदस्यों को सामाजिक समरसता, धार्मिक एकता एवं आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश समर्पित किया, जो समुदाय को समृद्धि और एकजुटता की दिशा में प्रेरित करता है।

अध्यक्ष-निशा माहेश्वरी
सचिव-मल्लिका राठी

पश्चिमी मध्यप्रदेश प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

पीढियाँ गुजर गई, करते करते लंबा संघर्ष।
अब पूरा हुआ राम भक्तो का शुभ संकल्प।
इस शुभ अवसर पर, दान पुण्य कर मन हर्षाया।
देश मना रहा दिवाली और,हर मन में राम समाया।

अयोध्या जी में राम लला के श्रीविग्रह के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के एतिहासिक और अविस्मरणीय पलों के हम सभी साक्षी बने। नगर, शहर,कस्बा सभी राममय हो गये। सभी ने उत्साहित तन मन से अपने अपने अंचल एवं क्षेत्र मे कई कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया।

22 जनवरी 2024 पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 सोमवार के इस शुभ दिन पर अयोध्या में उत्सव के साथ साथ पश्चिमी मध्य प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन के सभी ज़िलों में अति उत्साह से भव्यता के साथ त्यौहार के रूप में मनाया गया। राष्ट्र से निर्देशित कार्यक्रम के साथ साथ मुख्य रूप से गौशाला में सेवा एवम् निराश्रितों को भोजन कराने पर केंद्रित किया गया था।

प्रदेश संगठन की ओर से उज्जैन के माँ चामुंडा मंदिर की भोजन शाला में 820 लोगों को भोजन प्रसादी का वितरण किया। मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष उषा सोडानी, समिति संयोजिका फाल्गुनी बियानी एवम् जिला सचिव मनीषा राठी उपस्थित थीं।

इंदौर जिला के सभी क्षेत्रों के सहयोग से 1 गाय विद्याधाम में दान की गई। अन्य गौशाला में चारा, लपसी, गुड़ दिया गया। रणजीत हनुमान मंदिर पर 400 निराश्रितों को भोजन, नेत्रहीन बालिका आवास में 30 बालिकाओं को भोजन पेकेट,मातृछाया में 20 डिब्बे दूध पाउडर प्रदत्त। 700 विद्यार्थियों को भोजन के साथ ही अयोध्या में 22जनवरी को आयोजित कार्यक्रम को लाइव दिखाया गया।

धार जिले के सभी तहसीलों में रामायण के पात्रों की वेशभूषा पर फ़ेंसी ड्रेस प्रोग्राम एवम् 10 हज़ार लोगों को भोजन कराया। बुरहानपुर में 200 से अधिक बच्चों को भोजन, चॉकलेट, बिस्किट्स वितरित। उज्जैन जिला संगठन द्वारा निराश्रितों को भोजन गायों को चारा गुड बालकों को वस्त्र आदि वितरित किए लाभान्वित - 350

रंगारंग कार्यक्रम में 20 बच्चों महिलाओं ने श्री राम, सीता, लक्ष्मण के रूप में नाटिका, भजन,नृत्य, फ़ेंसी ड्रेस की आकर्षक प्रस्तुति दी, सहभागिता पर सबको उपहार दिये। मंदसौर जिले के दलोदा में 1 सप्ताह तक प्रभात फेरी निकाली गई, कलश यात्रा, महाआरती का आयोजन एवं प्रसाद वितरण।

इस शुभ दिन में राजगढ़, उज्जैन आगर,देवास,रतलाम,नीमच, आलिराजपुर , खंडवा, बड़वानी, झाबुआ के प्रत्येक ग्राम में हनुमान चालीसा ,सुंदरकांड ,अखंड रामायण, शोभायात्रा, रंगोली, माँडना,घरों की सजावट व भोजन प्रसादी भंडारे में भाग लेकर इस शुभ दिन को एक यादगार दिन बनाने में अपना पूरा-पूरा योगदान प्रदान किया।

प्रदेश के प्रत्येक घरों में व मन्दिरों में लाइटिंग व दीप प्रज्वलित कर एक मिसाल कायम की।ऐसा जान पड़ रहा था कि श्री रामलला हर सनातनी के हृदय में निवास कर रहे हों।सभी में उत्साह एवं उमंग की लहर छाई हुई थी।

प्रदेश अध्यक्ष-उषा सोडाणी ❊ प्रदेश सचिव-शोभा माहेश्वरी

पश्चिमी उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

जय श्री राम
ये दिवाली अयोध्या वाली

रघुकुल रीत सिद्धा पारिवारिक समरसता एवं परामर्श समिति के अन्तर्गत श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में समिति द्वारा सभी संगठनों द्वारा द्वीप प्रज्वलन करवाया गया, जिसके अंतर्गत 21 संगठनों द्वारा अयोध्या की दिवाली को मूर्त रूप देते हुए दीपोत्सव कार्यक्रम को अति सुंदर तरीके से आयोजित किया गया।

अष्ट सिद्धा समिति के अंतर्गत प्रदेश के 20 संगठनों की बहनों ने प्रादेशिक रंगोली प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी निभाई ।

संस्कृति सिद्धा समिति द्वारा 22 जनवरी को राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य 1- सामूहिक सुन्दर कांड व हनुमान चालिसा पाठ। 23 संगठनों ने मंदिर, घर व धर्मशाला में सुन्दर कांड व हनुमान चालिसा पाठ का सुन्दर आयोजन किया । एक संगठन द्वारा छप्पन भोग का आयोजन भी किया गया ।

श्री रामलला का प्राण प्रतिष्ठा उत्सव सभी संगठनों द्वारा दीवाली के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

प्रदेश अध्यक्ष-मोनिका माहेश्वरी
प्रदेश सचिव-मनीषा राठी

दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

हम सबके मन हर्षाए हैं,
श्रीराम अयोध्या आए हैं।
क्या मन्दिर, क्या गली मोहल्ला,
हर क्षेत्र में धूम मचाए हैं।
दीप जलाओ, आरती गाओ,
सिया राम को भोग लगाओ।

आओ मिलकर झूमें गाएं,
पावन महोत्सव की खुशियां मनाएं।
अहोभाग्य से मौक़ा पाए हैं,
मेरे प्रभु राम अयोध्या आए हैं।
हनुमत के मन भाए हैं,
प्रभु राम अयोध्या आए हैं।

हर घर में बस एक ही नाम- ''जय श्री राम, जय श्री राम''

दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन संस्कृतिसिद्धा : अध्यात्म व परम्परा समिति अन्तर्गत सनातन धर्म की आस्था के केन्द्र हमारे आराध्य प्रभु श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की खुशी में बहनों द्वारा 20 जनवरी 2024 शनिवार को एक ही समय 3 से 6 बजे तकअपने-अपने सभी आठों क्षेत्रों में संगीतमय सामुहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, रामरक्षास्त्रोत पाठ, 151 दीप प्रज्वलन के साथ दीपोत्सव, रंगोली सजावट, भजन, आरती तथा भंडारा प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी भक्त प्रेमियों का राम नाम उद्घोष के साथ भगवा पट्टी तथा तिलक से स्वागत करके रामायण प्रसंगों पर आधारित झांकियों के साथ कलश शोभा यात्रा निकाली गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। दक्षिणी क्षेत्र से समिती सह संयोजिका बहन शुभ्राजी माहेश्वरी द्वारा प्रभु श्री राम के अयोध्या आगमन के स्वागत हेतु जूम पर रामायण की कुछ अनसुनी अद्भुत कहानियां पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ गणेश वन्दना तथा राम स्तुति पर नृत्य प्रस्तुति और समापन दीप प्रज्वलित करके आरती से किया गया।

दिल्ली प्रदेश के लिए गौरव की बात हैं कि उत्तर पश्चिमी क्षेत्र की बहन ऋतु नरेन्द्रजी कोठारी को अयोध्या में सम्पन्न 22 जनवरी को राम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विशेष आमंत्रण सहित सहभागी होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। साथ ही हमारी 6 बहनें अध्यक्ष श्यामाजी भांगड़िया, संस्थापक अध्यक्ष विनीताजी बियानी, प्रदेश परामर्श मंडल बहन प्रतिभाजी जाजू, दक्षिणी क्षेत्र से बहन उमाजी लखोटिया तथा पूर्वी क्षेत्र से बहन सूर्यकलाजी लड्ढा तथा जयश्रीजी अटल को अयोध्या में प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मंगल अवसर पर आयोजित 14 से 22 जनवरी तक होने वाले 10 दिवसीय 1008 हवन कुंडीय राम नाम महायज्ञ में यजमान बनने का अप्रतिम सौभाग्य प्राप्त हुआ।दिल्ली प्रदेश की सभी बहनों ने राम लला प्राण प्रतिष्ठा की अप्रतिम मंगल बेला को सार्थक करके इस अलौकिक पावन अनुष्ठान में आहुति अर्पित कर ऐतिहासिक गौरवमय पल के साक्षी बनने का सुअवसर प्राप्त किया।

अध्यक्ष-श्यामा भांगड़िया ❊ सचिव-लक्ष्मी बाहेती

आसाम प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

कई युग बीते कई संवत बदले
रामलला की पावन भूमि में
500 वर्षों के बाद मोदी जी ने रंग बदले
रामलला की पावन भूमि में
विश्व में मनी दीपावली,
करोड़ों दीप जले
कोठारी वीरों की गाथा गाई
रामलला की पावन भूमि में
22 जनवरी 2024 ने इतिहास रचाया है
मोदी जी के कार्यकाल में स्वर्णिम
अवसर आया है
पूरे पूर्वोत्तर में लहर राम की छाई
हर घर हर शहर, भगवा दिया दिखाई
ऊंचे घर ऊंचे मकान, ऊंची है अटारी
राम मंदिर के उत्सव में नाचे
नर और नारी
असम प्रदेश के प्यारे सारे शहर
चले हैं सब मिलकर एक डगर
एक ही नारा एक ही नाम
जय श्री राम जय श्री राम
गोलाघाट की बहनों की अदा निराली
पूर्वोत्तर अध्यक्ष पूनम जी
मालपानी ने
दिखा डाली कोठारी वीरों की
पूरी कहानी
हर जगह अखंड रामायण पाठ
हो रहा संगीतमय सुंदरकांड
कहीं बज रहा रामधुन का बैंड
हर शहर, हर घर में मनी दिवाली
मानो सब ने राम कृपा पाली
रंगोली से सज गया घर द्वार
तोरण द्वार पर शोभा दे रही बंदरवार
रामलला के आगमन से झूम उठा आसाम
नाटक नृत्य और गीतों से गूंज
उठा आसाम
नौगांव की कुमकुम सोनी
बनी अशोक वाटिका की सीता
मुख पर ओजस वाणी में करुणा
सबके मन को भाई सीता
जोरहाट की प्यारी अर्निका झंवर
ने गाया सुंदर गीत
ईटानगर की अदिति मालपानी
ने दिखाया अपना नृत्य
बरपेटा रोड की वंदना राठी ने की
प्रभु श्री राम की नृत्य द्वारा
वंदना
ईटानगर की सपना जी बाहेती
ले रही सखियों संग रामलला का
वारना
प्रदेश की सभी 22 भुजाओ ने
अपना परचम लहराया है
हर सीट, हॉट सीट पर भी
प्रदेश का नाम कमाया है
पवित्र हुई यह धरा और सब का जीवन
अयोध्या नगरी का हुआ नवीनीकरण
मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों पर है चलना
सत्यता के संग जीवन पथ पर आगे बढ़ना
सच्ची सीख है ये हमें इसे है अपनाना
मानव जीवन में मिला है
खुशियों का खजाना

प्रदेश अध्यक्ष-पूनम मालपानी
सचिव-मधु झवर

पूर्वी मध्यप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन

सम्पूर्ण पूर्वी मध्यप्रदेश में रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव दीपावली पर्व के रूप में बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में राम दरबार झाँकी की शोभा यात्रा बैंड, ढोल-नगाड़ों के साथ बहुत जोश एवं धूमधाम से भगवा झण्डे हाथ में लिए रामधुन के साथ निकाली गई।

प्रदेश के सभी माहेश्वरी परिवारों में रामलला चित्र के भगवा झंडे लगाए गए, घर-घर को सुन्दर रौशनियाँ करके, रंगोली मांडकर, बंदनवार एवं दीपों से सजाया गया। हर घर में कहीं सुंदरकांड का पाठ, कहीं हनुमान चालीसा, कहीं पर भजन कीर्तन कहीं पर नृत्य नाटिका तो कहीं पर अखंड रामायण का पाठ करवाया गया । मोहता परिवार, पिपरिया एवं बिसानी परिवार, रायसेन द्वारा रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत सभी नगर वासियों ने कथा का आनंद लाभ उठाया। भोपाल जिला महिला संगठन द्वारा **''राम अयोध्या आ रहे हैं''** नामक विषय पर प्रतियोगिता के आयोजन के साथ-साथ हनुमान हवन का आयोजन भी किया गया। शिवपुरी जिले में भी रामजी के स्वागत के वीडियो बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्वालियर जिले में जगह-जगह पर पूजन भंडारा प्रसादी आदि का आयोजन हुआ।

हरदा जिले में रामचरित्र मानस को वर्तमान युग से जोड़कर शानदार नाटिका का आयोजन किया गया। पिपरिया में **''भए प्रगट कृपाला''** पर सुन्दर नृत्य नाटिका का मंचन किया गया। अखिल भारतवर्षीय स्तर पर आयोजित ऑनलाईन नाटिका प्रतियोगिता में मध्यांचल को **''राम-जटायू''** संवाद पर प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया जिसका मंचन पूर्वी मध्यप्रदेश की श्रीमती नीलम भूतड़ा, श्रीमती रश्मि माहेश्वरी एवं श्रीमती दीपशिखा गोदानी द्वारा किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष-रंजना बाहेती
प्रदेश सचिव-राजश्री राठी

अनुकरणीय चरित्र-अनुगमनीय रघुनन्दन

नव अम्बुज अंबक छवि नीकी।
चितवनी ललित भावँजी जी की।।
भृकुटी मनोज छाप छवि हारी।
तिलक ललाट पटल दुतिकारी।।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,अयोध्या में विश्व स्तरीय निर्माण-सनातनी आस्था का प्रतीक है, क्योंकि हमारे भारत में ही नहीं अपितु समस्त विश्व में बसे भारतवंशियों के आल्हादित मन, पुलकित धरा, राममय हवाएँ, गौरवान्वित अयोध्या धाम और भारत भूमि में मनायी महादीपावली ही थी -जिसने ये साबित किया कि राम थे,राम हैं और राम हमेशा रहेंगे-जिनके अस्तित्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता।

भारत की सामाजिक भावना की पवित्रता को समझने में नाकाम लोगों को तो इस प्रकरण में अशांति की पूर्ण आशंका थी-किंतु राम के अस्तित्व ने साबित किया कि राम आग नहीं ऊर्जा हैं और विवाद नहीं समाधान हैं। यही नहीं राम भारत के प्रताप एवं प्रतिष्ठा हैं, सही मायनों में मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से उत्पन्न राम मय वातावरण ने राम के चरित्र को पढ़ने, सुनने, समझने और चिंतन करने की जागरूकता का एक अकल्पनीय उल्लास जन मानस के हृदयों में संचारित किया है-यहाँ तक कि मासूम बच्चे भी इन महान चरित्रों को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। राम के चरित्र का एक भी गुण अगर हम आत्मसात् कर सकें तो एक उदाहरण बन सकते हैं-चाहे उनका सबल होते हुए सहज होना ही क्यों ना हो?

राम मंदिर निर्माण,अयोध्या धाम में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा और सभी धर्मों के जन प्रतिनिधियों का एक साथ खड़े होना ,वास्तव में बदलते भारत की तस्वीर को प्रदर्शित करता है।

यही है राम की महिमा... जय श्री राम

कविता माहेश्वरी, मथुरा 9410038803

पूर्वी राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

राम मंदिर विग्रह स्थापना के उपलक्ष में सुबह प्रभात फेरी धूमधाम से निकली गई। सभी ने अपने घरों को बहुत सुंदर सजाया, लाइटिंग की रंगोली बनाई गई। कीर्तन रखा गया राम मंदिर स्थापना के उपलक्ष में जुलूस निकाला। उसका स्वागत किया गया। बच्चों को राम के रूप में सजाया, उनके साथ राम धुन भजन पर वीडियो बनाया गया, बड़ों के साथ में छोटे-छोटे बच्चों भी बहुत उत्साहित थे। टीवी पर राम भगवान का कार्यक्रम सभी ने परिवार के साथ देखा। उस समय जो अनुभूति हुई वह बता नहीं सकते इतना मन में उल्लास था। 19 तारीख को राष्ट्रीय कार्यक्रम सांस्कृतिक संध्या में पश्चिमांचल से पूर्वी राजस्थान प्रदेश की सहभागिता रही, ''केवट'' प्रसंग कर अपना द्वितीय स्थान बनाया।

अध्यक्ष-मंजु भराड़िया * मंत्री-नीलम तापड़िया

हरियाणा पंजाब प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

हरियाणा पंजाब प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत अयोध्या में रामलला मूर्ति अनावरण एवं मंदिर उद्घाटन के शुभ अवसर पर प्रदेश में बड़ा ही उत्साह रहा। चारों तरफ राममयी वातावरण एवं उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर पहले 18 जनवरी को प्रदेश स्तर पर जूम मीटिंग के अंतर्गत राम रक्षा स्तोत्र एवं राम भजन किया गया । साथ ही राम प्रश्नावली के माध्यम से इस कार्यक्रम को अत्यंत रोचक बनाया गया।

22 जनवरी के दिन प्रदेश स्तर पर सुंदरकांड पाठ के आयोजन किए गए हर संगठनों में इनका आयोजन धूमधाम से हुआ लयबद्ध तरीके से गायन किया गया। भगवान राम के शुभ आगमन को नाच गाकर मनाया गया। जगह-जगह लंगर लगाए गए। एक दिवाली जैसा प्रतीत हो रहा था चहूँ ओर दीपकों की कतार लगी थी। मानो की घर-घर दिवाली बन रही हो। जगह-जगह रैलियाँ निकाली गई, जहां भक्त राम भजनों में नाचते गाते चल रहे थे। रात में पटाखे भी चलाए गए। कहीं केसर दूध का भंडारा लगाया गया, तो कहीं राहगीरों को भोजन प्रसाद प्रदान किया गया तो कहीं गायों को हरा चारा दान दिया गया। राम नाम की पताका घर-घर फहराई गई। 1008 हनुमान चालीसा के पाठ किए गए।

राम नाम है जीवन का सार, बनाएं हम इसे अपना आधार,
जीवन नैया को करते हैं पार,आप ही प्रभु करें सबका उद्धार

मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

प्राण प्रतिष्ठा की प्रतीक्षा का हो रहा है अनुष्ठान
खुश है हृदय रामलला का अपने घर में होगा प्रतिष्ठान
पुरुषोत्तम राम सदैव हमारे आदर्श, हमारा मान,
उनकी प्राण प्रतिष्ठा होगी,हमारी आन बान और शान

बड़े ही सौभाग्य से शताब्दियों बाद प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव आया।मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वाधान में रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फूलों की करो वर्षा,आ रहे है, मेरे भगवन सम्पूर्ण प्रदेश ही राममय हो गया। इस शुभ अवसर पर प्रदेश के सभी संगठनों द्वारा विभिन्न रूपों में राम लला के स्वागत सत्कार की तैयारियां की गई। **सजा दो संगठन को ही गुलशन सा मेरे भगवान आ रहे हैं,** प्रदेश के अजमेर संभाग में माहेश्वरी महिला मंडल मदनगंज किशनगढ़ व सखी मंडल अजमेर द्वारा राम दरबार की झांकियां सजाई गई और कलश यात्राए निकाली गई। इस अवसर पर मंडल की बहनो द्वारा सुंदर कांड के पाठ भी किये गए। माहेश्वरी महिला मंडल विजयनगर व किशनगढ़ शहर द्वारा दीपोत्सव का भी आयोजन किया गया। राम के आने पर हम तो अँगना सजायेंगे, पुष्कर में राम मंदिरों में शानदार सजावट की गई और जीवंत झांकियां बना कर भजन कीर्तन किये गए। माहेश्वरी महिला मंडल नसीराबाद, सरवाड़ गगवाना द्वारा राम ध्वज के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। केकड़ी की बहनों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में सहभागी होने के लिए राम दरबार की सजीव झांकियां सजाई और दीप जलाकर रामलला का स्वागत किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल ब्यावर द्वारा भी भजन कीर्तन किया, कलश यात्राएं निकाली गई, सुंदरकांड के पाठ किए गए और दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मध्य राजस्थान प्रदेश के तत्वाधान में प्रदेश की बहनों ने अयोध्या में शहीद हुए स्वर्गीय अविनाश माहेश्वरी के अभिभावकों के सम्मान में अजमेर में समारोह का आयोजन किया एवं उन्हें माल्यार्पण एवं शॉल ओढा कर सम्मानित किया। सभी ने स्व.अविनाश माहेश्वरी की शहादत को नमन कर कृतज्ञता ज्ञापित की। इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ ही प्रदेश पदाधिकारी एवं प्रदेश की बहनें उपस्थित थी।

प्रदेश के टोंक संभाग में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में कहीं भजन, तो कहीं भंडारे का आयोजन किया गया और सभी मंडलों द्वारा कलश यात्राओं का आयोजन किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल मालपुरा में, महेश्वर शिवालय को सजाया गया और बहनों द्वारा 501 दीपक जलाकर रामलला की आरती की गई। इस अवसर पर कलश यात्रा का भी आयोजन किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल दूनी व भरनी देवडावास द्वारा दीप जलाकर भजन कीर्तन किए गए। देवली में सुंदर कांड के पाठ किये गए और भंडारे का आयोजन किया गया। माहेश्वरी महिला मंडल टोंक द्वारा राम लला की सजीव झांकियां सजाई गई और हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। नागौर संभाग में भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

है रामलला की प्राण प्रतिष्ठा,
घर-घर दीप जलाना है
प्राण प्रतिष्ठा में प्रतिभागी बन,
जीवन सफल बनाना है

की तर्ज पर माहेश्वरी महिला मंडल मकराना, कुचामन और परबतसर में भी रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। रामध्वज के साथ शोभायात्राएं निकाली गई। महिलाओं ने कलश धारण किए। मेड़ता और नागौर में सुंदर कांड के पाठ के आयोजन हुए। डेगाना में सजीव झांकियां सजाकर भजन संध्या का आयोजन किया गया। सवाई माधोपुर में भी घर-घर दीप जलाये गए। संगठन के तत्वावधान में शोभायात्रा निकाली गई और लड्डू से सभी का मुँह मीठा कराया गया। सम्पूर्ण प्रदेश ही राममय हो गया और अविस्मरणीय यादगार बन सभी के मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ गया।

प्रदेश अध्यक्ष-शशि लड्ढा
*** प्रदेश सचिव-मनीषा बागला**

ये दिल मांगे मोर

बनवारीलाल जाजू सभागृह

राष्ट्रीय श्रेष्ठ वक्ता, युवा अवस्था से ही समाज के प्रति समर्पित श्री रमेशजी मर्दा की परिचर्चा का आयोजन गरिमामयी माहौल में माननीय श्री जयंतजी गुप्ता एवं श्री सुरेशजी बजाज के विशेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। संगठन द्वारा मंचीय आयोजन को संक्षिप्त करने का सार्थक प्रयास किया गया, दोनों अतिथियों ने अपनी बात संक्षिप्त में रखते हुए मुख्य वक्ता को सुना। यह आयोजन इंदौर के युवाओं एवं पालकों पर अमिट छाप छोड़कर गया है।

माननीय मरदाजी ने सरल भाषा में बात की और किस्से कहानियों के माध्यम से बात रखी तो इंदौरी युवाओं एवं परिवारजनों ने भी बेबाकी से जबाब दिए एवं अपने मन की भ्रांतियों को दूर किया।

श्री रमेश जी मरदा कि वक्तृव्य शैली, मारवाड़ी, अंग्रेजी एवं हिंदी का शानदार समावेश आयोजन को अलग ही स्तर पर ले गया था सबसे बड़ी बात थी सभी लोगों की सक्रिय सहभागिता जिसके जरिए यह टॉक शो एक चिंतन मनन एवं सार्थक परिणाम देने वाला साबित हो सका। सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहे हैं सभी संगठनों से अपील है ऐसे आयोजनों को अपने वार्षिक कैलेंडर में शामिल करें, ताकि हम अधिकतम लोगों को जीवन के यथार्थ से परिचित करा सकें और टूटते बिखरते परिवारों के बीच विश्वास की नई उम्मीद जगा सके। श्री अन्नपूर्णा क्षेत्र माहे. महिला मंडल अध्यक्ष सीमाजी माहेश्वरी एवं सचिव पूनमजी मालपानी ने सभी पधारे समाजजनों का आतिथ्य किया, अर्चना के माहेश्वरी ने तकनीकी काम को बखूबी निभाया, प्रचार मंत्री अलका माहेश्वरी ने सभी का आभार व्यक्त किया और श्रीमती गीताजी मूंदड़ा व सुशीलाजी काबरा के मार्गदर्शन में टीम अन्नपूर्णा की सहभागिता व सहयोग से कार्यक्रम सुव्यवस्थित व सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

अ. सीमा माहेश्वरी ❋ सचिव–पूनम माहेश्वरी

उत्कल प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन (उड़ीसा)

राष्ट्रीय कार्यक्रम एक शाम प्रभु श्री राम के नाम प्रतियोगिता में सहभागीता रही। पूर्वांचल को राम प्रभा की उपाधि प्राप्त हुई। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में लगभग सभी जिलों में सामूहिक सुंदरकांड, हनुमान चालीसा राम नाम का जाप किया गया। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मल्कानगिरी, ब्रजराज नगर, सुंदरगढ, झाडसुगुडा,संबलपुर, जाजपुर, बालेश्वर, कटक व सभी जिला मे दीप जलाकर पुजा की व वीडियो बनाकर सुंदर प्रस्तुति की। संबलपुर में 1 लाख 11 हजार 111 दीप से रामदीपोत्सव ,महिला मंडल द्वारा आयोजित किया। राम नाम जाप का उत्कल चला राम मंदिर की ओर एक ऑनलाइन ग्रुप बनाया जिसमें लगभग 13,36,457, राम नाम जाप 7869, हनुमान चालीसा और 269, सुंदरकांड का पाठ किया।

अध्यक्ष–अस्मिता मूंदड़ा ❋ सचिव –शशि डोंगरा

महाराष्ट्र प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन

महाराष्ट्र प्रदेश में सभी जिला में रामलला प्रतिष्ठा महोत्सव के निमित्त अविस्मरणीय कार्यक्रम संपन्न हुए। हर जगह पुष्प वर्षा, गुलाल वर्षा हो रही थी। ढोल ताशा, नगाड़े, लेझीम, बैंड के ताल से आसमान में गुजते हुए राम नाम की जय घोष में सजीव झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। बच्चों को भी राम लक्ष्मण सीता हनुमान के रूप में सजाया गया। पूरे शहर ही नहीं छोटे गांव भी राम मय हो गए थे। सभी जगह रामलला के स्वागत में आकाश ही नहीं धरती भी सज गई थी।

जालना–भव्य शोभा यात्रा 12 घंटे तक 50000 से ज्यादा लोग सम्मिलित हुए। **छत्रपति संभाजी नगर**–पैठण, वैजापुर, सिल्लोड अंब्दी मंडी में हनुमान चालीसा ,राम रक्षा स्तोत्र ,सुंदरकांड के साथ प्रसाद वितरण हुआ। **हिंगोली**–बसमत मे दीपोत्सव, प्राण प्रतिष्ठा उत्सव सभी जगह संपन्न हुए। **परभणी**–पूरे जिले में राम उत्सव हुआ। **पुणे**–सभी संगठन ने राम रक्षा स्तोत का पठन, सुंदरकांड, शोभायात्रा, कलश यात्रा की। 5000 करीब भाई बहनों का समावेश था। माहेश्वरी समाज में एक जुटता नजर आई। **अहमदनगर**–1 से 22 जनवरी तक रामायण का पठन स्पर्धा, दीपोत्सव संपन्न हुआ। **सोलापुर**–बार्शी ,पंढरपुर, मंगलवेढ़ा हनुमान मंदिर में शोभा यात्रा दीपकों के साथ प्रसादी वितरण हुआ। **नंदुरबार**–झांकी के साथ कलश यात्रा निकली। **कोल्हापुर**–इचलकरंजी ,जयसिंहपुर सभी जगह सामूहिक हनुमान चालीसा, राम भजन ,2000 दीपों का दीपोत्सव संपन्न हुआ। **थाना**–नवी मुंबई, थाना, कल्याण, डोंबिवली सभी स्थानों पर भव्य शोभा यात्राएँ निकाली गई। **भायंदर**–राममय वातावरण के साथ संपन्न हुआ। **पालघर**–हर्ष उल्लास के साथ राम उत्सव मनाया। **नासिक**–लासलगांव ,भगुर, येवला, नासिक रोड, सिडको सभी ने उत्सव मनाया। **जलगांव**–कार सेवकों का सत्कार, भजन, केसरिया चावल का वितरण संपन्न हुआ। मीठे चावल का भोग लगाया। **सांगली**–माधव नगर, मिरज, आष्टा तासगाव सभी जगह मंगल कलश शोभायात्रा महा आरती के साथ महाप्रसाद का लाभ लिया। कुल मिलाकर अति भव्य कार्यक्रम जो ना भूतों ना भविष्यति ऐसे आयोजित किए गए। महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन रामलला का दर्शन करने का आयोजन कर रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष–सौ सुनीता पलोड ❋ प्रदेश सचिव–सौ सुनीता चरखा

हमारी विकृत मानसिकता

मानव होकर मानवता के भूल गए कर्म नेक,
जा रहे हो मनुज कहाँ जरा ठीठक कर देख।
'एनिमल' 'सालार' है हमारी विकृत मानसिकता,
मार–धाड़,हिंसा की पसंद कैसी यह आधुनिकता।
शांत, सरल, सौम्यता के कहाँ गए हैं सब भाव,
पशुओं सा हुआआचरण बात–बात पर खाते ताव।
झूठे अभिमान का तान लिया है अपने पर आवरण,
दगा दे रहा है हमको अब अपना ही यह वातावरण।
हवा भी शायद रूठ गई है रूठ गए हैं पंच तत्व,
विषाक्त कर प्रकृति को खो दिया है सब अपनत्व।
राम कृष्ण की इस भूमि पर प्रेम को माना है धन,
भोग विलासिता की भेंट चढ़ रहा तन–मन रूपी धन।

विनीता काबरा, जयपुर

राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रा. महामंत्री द्वारा त्रिदिवसीय गुजरात भ्रमण की रिपोर्ट

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजुजी बाँगड़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती ज्योतिजी राठी दिनांक 27/28/29 जनवरी त्रि–दिवसीय गुजरात भ्रमण पर पधारे। मध्यांचल उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिलाजी कलंत्री, राष्ट्रीय विधान संशोधन समिति प्रभारी श्रीमती मंगलजी मर्दा तथा गुजरात प्रदेश निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती उमाजी जाजू ने सिलवासा, सूरत, अंकलेश्वर/भरूच, दाहोद और अहमदाबाद का भ्रमण बड़े सुव्यवस्थित तरीके से करवाया। बहुत ही सुखद अनुभव के साथ यह यात्रा सम्पन्न हुई। सभी स्थानों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत है:

सिलवासा भ्रमण–इतने वर्षों में प्रथम बार राष्ट्रीय पदाधिकारीयों का माहेश्वरी महिला संगठन सिलवासा तथा कॉटेज अस्पताल में चल रहे निःशुल्क अन्न सेवा प्रकल्प को जानने का प्रथम संयोग बना। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने अपने हाथों से अन्न सेवा क्षेत्र में भोजन परोसा और विशेष दानदाताओं को सम्मानित किया। अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की ओर से 11000 का योगदान प्रकल्प संचालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती नीताजी लाहोटी को देने की घोषणा की। कार्यक्रम में युवा बहनों के साथ उमरगाम तथा वापी से भी बहन उपस्थित थी।

सूरत भ्रमण– सूरत जिला अध्यक्ष श्रीमती वीणा जी तोषनीवाल की अध्यक्षता में बहुत ही सुव्यवस्थित बैठक शांतम समागृह में आयोजित की गई। जिला की नवगठित युवती संगठन के सदस्यों द्वारा स्वागत नृत्य एवं परिवर्तन पर नृत्य नाटिका के साथ श्रीमती मंजुजी बांगड़, श्रीमती ज्योतिजी राठी को पेंसिल स्केच पेंटिंग मिताश्री डागा द्वारा भेंट की गई। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती विमला जी साबू के प्रभावशाली आशीर्वचन ने सबके मन को मोह लिया।

अंकलेश्वर एवं भरूच – 28 जनवरी को अंकलेश्वर में संचालित सिलाई केंद्र में संचालक श्रीमती अंजलि जी बांगड़ से पूरी जानकारी प्राप्त कर प्रशिक्षित बहनों के साथ मुलाकात की। विशेष रूप से भरूच सभा व युवा संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा परिचर्चा बहुत ही प्रभावशाली रही।

दाहोद भ्रमण–माहेश्वरी सखी मंडल एवं महिला मंडल दाहोद शाखा ने अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता मालीवाल के फार्म हाउस में अति शानदार बैठक का आयोजन जिसमें 60 बहनों 20 भाइयों की उपस्थिति रही। सास बहू के सुंदर संगम का प्रतीक दोनों ही संगठनों की रिपोर्ट तथा अध्यक्षों स्नेहलताजी व हितेशाजी राठी द्वारा भावभीना अभिवादन मंत्र मुग्ध कर गया। परिचय के साथ सभी बहनों ने प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान पदाधिकारियों से पाया।

अहमदाबाद भ्रमण– गुजरात प्रदेश के प्रमुख संगठन अहमदाबाद के नवरत्न संगठनों ने एकजुट होकर आत्मीय मिलन समारोह जूम सभागार में भव्यतापूर्वक आयोजित किया। सभी 9 संगठनों की शानदार प्रगति रिपोर्ट व संपादित विभिन्न कार्यक्रमों में गुजरात के मुख्यमंत्री भी सहभागी रहे जानकर बहुत अच्छा लगा। राष्ट्रीय महामंत्री एवं रा.अध्यक्ष द्वारा संगठन की वरिष्ठ बहनों का सम्मान पूर्व अध्यक्षों के साथ संकट चौथ का त्योहार होते हुए भी 130 बहनों की उपस्थिति उनसे संपर्क कार्यक्रम की विशेषता रही। अंत में राष्ट्रीय पदाधिकारियों को अहमदाबाद के प्रसिद्ध रिवर फ्रंट पर स्थित खूबसूरत अटल ब्रिज की सैर भी कराई जिसने सभी को रोमांचित किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष–मंजु बांगड
राष्ट्रीय महामंत्री–ज्योति राठी

गुजरात प्रांतीय माहे. महिला संगठन

'एक शाम प्रभु श्रीराम के साथ' राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुजरात प्रदेश से श्रीमती संगीता चांडक (संवादलेखन व अभिनय) और श्रीमती नीना माहेश्वरी (अभिनय) का सहभाग रहा। 'राम– जटायू संवाद' विषय पर आधारित इस प्रतियोगिता में मध्यांचल को प्रथम पुरस्कार (रामसिद्धि कैटेगरी) से नवाजा गया। मुस्कान संगठन मोरबी द्वारा आयोजित रामायण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 251 लोगों ने भाग लिया। सिलवासा में 50 सदस्यों की उपस्थिति में 21 पंक्तियों की रामायण नाटिका व भजन नृत्य प्रस्तुत हुआ । सूरत वेस्ट मंडल में विडियो बनाओ प्रतियोगिता में 25 प्रविष्टियां प्राप्त हुई। मणिनगर संगठन में सुन्दरकाण्ड, फूलों की रंगोली, राम दरबार और भजन में 100 सदस्यों की उपस्थिती रही । वलसाड जिले में ऑनलाइन चौपाई और भजन नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पद्मावती सँगठन अहमदाबाद, संगिनी संगठन अहमदाबाद व सूरत जिला संगठन ने भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठाया । दाहोद सखी और महिला मंडल द्वारा कलश यात्रा, दीप सज्जा, महाप्रसादी से उत्सव मनाया। अंकलेश्वर, भरूच संगठनों ने अपने स्थानीय क्षेत्रों में सुंदरकांड, हवन, प्रभात फेरी, भोजन, आदि का आयोजन किया । नारायणी संगठन अहमदाबाद ने परिवारजनों के साथ सुंदरकांड, दीप रंगोली, राम स्तुति, रामधुन और प्रसादी का आनंद उठाया।

अध्यक्षा – मंजुश्री काबरा सचिव– कांता मोदानी

कार्यकारिणी मीटिंग "अमृत सिद्धि" नांदेड़ में सानंद संपन्न

!! करणसिंह बैस !!
प्रेम फोटोग्राफ

महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन की नवम सत्र की प्रथम कार्यकारिणी बैठक नांदेड़ नंदीग्राम नगरी में दिनांक 9 और 10 जनवरी को नांदेड जिला महिला संगठन के आतिथ्य में आशीर्वाद गार्डन में प्रदेश अध्यक्ष सुनीता जी पलोड की अध्यक्षता में सानंद संपन्न हुई। प्रमुख अतिथि श्रीमती सूर्यकांता जी पाटिल (पूर्व राज्य मंत्री- भारत सरकार) थी। कार्यक्रम की उद्घाटक एवं मुख्य वक्ता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शोभा जी सादानी थी। स्वागत अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश ट्रस्ट संयोजिका श्रीमती डॉ. इंदिरा जी मूंदड़ा थी। स्वागत मंत्री पूर्व अध्यक्ष नांदेड जिला सभा- श्रीमान द्वारकाधीश जी साबु, प्रमुख अतिथि दक्षिणांचल उपाध्यक्ष श्रीमती अनुसूया जी मालू, सचिव श्रीमती सुनीता जी चरखा, माहेश्वरी महिला पत्रिका अध्यक्ष श्रीमती शैलाजी कलंत्री और विशेष अतिथि महाराष्ट्र प्रदेश माहेश्वरी सभा के संगठन मंत्री श्रीमान चिरंजीलालजी दागडिया, गोवर्धन जी बियाणी जिला अध्यक्ष, ललित जी तापडिया-युवा अध्यक्ष उपस्थित थे। इस वक्त श्रीमती सूर्यकांता जी पाटिल ने माहेश्वरी समाज की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा-माहेश्वरी समाज ने महाराष्ट्र को अपनी जन्मभूमि और कर्मभूमि बनाया है। आज केवल देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में माहेश्वरी समाज काम कर रहा है। साधारण बात को असाधारण बनाने का सामर्थ्य माहेश्वरी समाज में है। और आगे कहा इतना शिष्टबद्ध स्वागतशील और कला गुनों से संपन्न महिला संगठन मैं प्रथम बार देख रही हूं। इसी कारण से संगठन से सीखने जैसा बहुत कुछ है। यह महिलाएं नई पीढ़ी को संस्कारी और प्यार के एक धागे में बांधे रखने का सामर्थ्य रखती है। आपकी वजह से ही देश बड़ा होगा। आप केवल होम मेकर न बनते हुए कंट्री मेकर बनिए। ऐसा आह्वान भी किया।

मुख्य वक्ता पू.रा. अध्यक्ष शोभा जी सादाणी ने कहा- महाराष्ट्र में राष्ट्रीय स्तरीय कार्य हो रहे हैं और होने वाले कार्यों की सराहना की। बच्चे अपना अनुसरण करते हैं उन्हें अपने संस्कृति परंपरा को समझाते समय लॉजिक और विज्ञान को ध्यान में रखते हुए समझाएं। तो परिवर्तन जरूर होगा। खेल, संगीत, कला को जीवन का अहम हिस्सा बनाओ। संबंधों में इगो की जगह अपनत्व अपनाओ और दादी निर्माता भवति बनने की कोशिश करो।

जिला अध्यक्ष प्रतिभा राठी, प्रकल्प प्रमुख गीता झंवर ने अपने मनोभाव व्यक्त किए। नांदेड जिला सचिव ज्योति काबरा ने आभार व्यक्त किया। इस दो दिवसीय सत्र में रघुकुल रीत सिद्धा द्वारा परिवार परंपरा और परिवर्तन युवा पीढ़ी के संग इस विषय पर आ. शोभा सादाणी का मार्गदर्शन रखा। स्वयं सिद्ध द्वारा स्वयंभू पुस्तक प्रदर्शनी एवं विक्रय, संचार सिद्धा द्वारा बी मोर स्मार्ट की कार्यशाला, ज्ञान सिद्धा द्वारा शब्द सौरभ कथा-कथन प्रतियोगिता ली। संस्कार सिध्दा द्वारा अस्मिता गौरव प्रतियोगिता ली यह प्रतियोगिता किशोरियों के लिए थी एवं स्थानिक आयोजन नांदेड जिला द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम लिया। संस्कृति सिद्धा समिति ने सभी कार्यकारिणी को गुरु शरणम तहत गुरुद्वारा दर्शन कराए। संजीवन सिद्धा द्वारा डेंटल चेकअप तथा बोन डेंसिटी टेस्ट कैंप लगाया गया। प्रदेश की कार्यकारिणी रिपोर्ट बहुत ही गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई एक वर्ष के कार्यों का लेखा-जोखा पीपीटी द्वारा सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया गया। मेरा जिला महान तहत बेस्ट जिला रिपोर्टिंग ली। हर विभाग के एक जिला को (वर्ष 2022-23) के उत्कृष्ट जिला स्तरीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। मेरे मन में उठे सवाल तहत प्रदेश सलाहकारों से शंका समाधान किया गया। आयोजन संगठन नांदेड जिला ने खूब आव भगत और सम्मान दिया। प्रदेश के अधिकतर जिला से कार्यकारी बहने उपस्थित थी।

अध्यक्ष-सुनीता पलोड ❊ सचिव-सुनीता चरखा

पति-पत्नी की नोंक-झोंक

श्री माहेश्वरी महिला मंडल महू के द्वारा रंगारंग संस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया इसमें राम आएंगे आधारित थीम पर शानदार नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई **"नारी एक रूप अनेक"** नारी अपने विभिन्न रूपों को ग्रहणी होते हुए सामंजस्य कैसे करती हैं, यह दिखाया गया इसकी लेखिका एवं सूत्रधार श्रीमती पदमा जी सोडाणी के साथ तरुणी मंडल के सदस्यों द्वारा मारवाडी पति-पत्नी की नोंक-झोंक का नृत्य प्रस्तुल किया गया। स्वागत नृत्य प्रियांशी पटवा ने किया और सोनम माहेश्वरी एवं किरण माहेश्वरी द्वारा कृष्ण और यशोदा मैया की शानदार प्रस्तुति नृत्य के द्वारा दी गई एवं राखी मालानी ने भी आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में मंडल की वरिष्ठ महिलाओं पदमा जी सोडाणी एवं पदमा जी सोनी का स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया गया आज के हमारे प्रोग्राम में राजस्थान प्रदेश से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमती कुंतल तोषनीवाल भी उपस्थित रही हम उनका बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं आभार करते हैं। सरिता बियानी द्वारा लिखित नई सोच नाटिका का मंचन भी किया गया। सभी प्रतिभागियों को महिला मंडल के द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का समापन सह भोज के साथ हुआ कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष स्वाति शारदा एवं रजनी सोडानी ने किया।

विशेष सहयोग श्रीमती किरण माहेश्वरी संगीता सोडाणी, रमीला मालानी एवं शकुंतला जी ढोली, कांता जी सोडाणी का रहा। महिला मंडल की करीब 50 से ज्यादा महिलाएं उपस्थित थी।

स्वाति सारड़ा, महू

दक्षिणी राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन

रामलला की जन्म तिथि, यानी 22 जनवरी, हर साल हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भगवान राम के जन्म के अवसर पर दक्षिण राजस्थान प्रदेश द्वारा विभिन्न प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन किए गए। मंदिरों में भगवान राम की मूर्तियों को सजाया गया । बहनों ने अपने अपने घरो पर रंगोली बनाई व दीप प्रज्वलित किए । भजन और कीर्तन का आयोजन किया गया । भगवान श्री राम की महाआरती का आयोजन किया। सुंदरकांड का पाठ किया, जिसमें भगवान हनुमान की महानता और उनके भक्ति भाव का महत्व बताया । धार्मिक आदर्शों और भक्ति के साथ यह त्योहार मनाया , जो समाज में एकता, सौहार्द और धार्मिकता को बढ़ावा देता है।

प्रदेश अध्यक्ष-सीमा कोगटा ❊ प्रदेश सचिव डॉ. सुशीला असावा

मध्य उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन गतिविधियाँ

अष्ट सिद्धा-राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक सांची में आयोजित कौशलेंद्र में, प्रदेश की 15 बहनों की सहभागिता रही, प्रदेश की दो बैठक कार्य समिति एवं कार्यकारिणी मनस्वी का आयोजन 25 दिसंबर 2023 को संपन्न हुआ, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू जी बांगड द्वारा दीप प्रज्वलन से शुभ आरंभ हुआ एवं समिति प्रभारी प्रेमा जी झवर के सानिध्य में प्रदेश की पदाधिकारी के द्वारा यह मीटिंग सुचारू रूप से संपन्न हुई। रामायण महाभारत पर आधारित क्विज प्रतियोगिता कौन बनेगा मनस्वी में प्रथम, श्रीमती शालिनी करनानी द्वितीय श्रीमती प्रीति राठी पुरस्कृत रही, तरह-तरह के मनोरंजन खेल खिलाए गए।

संस्कारसिद्धा के अंतर्गत विवाह पंचमी राम भगवान के विवाह के दिन बच्चों से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाई गई एवं रामायण पर प्रस्तुति कराई गई।

स्वयं सिद्धा समिति के अंतर्गत प्रदेश द्वारा शुरू किया सक्षम प्रोजेक्ट में और 20 महिलाओं को स्कूटी ट्रेनिंग दे उन्हें स्वावलंबी बनाया गया एवं सांची मीटिंग के लिए शक्ति वंदनम कार्यक्रम में प्रदेश की बहनों के नाम भेजे गए। ज्ञानसिद्धा समिति के अंतर्गत सांची में आयोजित कौशलेंद्र कार्यक्रम में ज्ञान सिद्धा द्वारा आयोजित काव्य कौशल में प्रदेश की श्रीमती राधिका मूंदड़ा ने भाग ले उत्तरांचल को प्रथम स्थान दिलाने में सहयोग दिया। हर सीट हॉट सीट सीजन 2 में प्रदेश की श्रीमती लताजी माहेश्वरी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। संस्कृति सिद्धा समिति के अंतर्गत मोक्षदा एकादशी पर ब्राह्मणों को दान दिया गया एवं गायों को गुड़ चना खिलाया गया। उरई में दिसंबर माह में भागवत कथा का आयोजन किया गया धनुर्मास में गोदा महारानी एवं श्री रंगनाथजी की पूजा अर्चना की जा रही है 24 तारीख को राम मंदिर की कलश यात्रा निकाली गई, मैनपुरी में बहनों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ एवं धनुर्मास उत्सव का आगमन किया।

रघुकुल सिद्धा समिति के अंतर्गत समिति द्वारा आयोजित कौशलेंद्र मीटिंग में वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रदेश की श्रीमती संगीता बांगड़ ने भाग ले बड़े जोर शोर से अपना पक्ष रखा। 25 दिसंबर तुलसी दिवस पर तुलसी मैया की पूजा अर्चना की।

संकल्प सिद्धा समिति के अंतर्गत कानपुर में मानसिक रूप से विक्षिप्त लोगों के केंद्र में जाकर ठंड से बचने के लिए 7 हीटर का वितरण किया गया। मैनपुरी में बहनों ने पर्यावरण को ध्यान रखते हुए वृक्ष लगाए।

संचार सिद्धा समिति के अंतर्गत सांची कार्यकारिणी मीटिंग में संचार सिद्धा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश की दो बहने श्रीमती प्रीति राठी एवं श्रीमती वर्षा लाहोटी ने कार्यक्रम में भाग लिया।

युगल सिद्धा समिति के अंतर्गत प्रदेश के सभी जिलों में युवक युवतियों के बायोडाटा आदान प्रदान किया जा रहे हैं।

संजीवन सिद्धा के अंतर्गत कोरोना के नए वेरिएंट की खबर मिलते ही प्रयास प्रदेश संयोजिका ने व्हाट्सएप द्वारा सभी बहनों को सचेत किया , भीषण सर्दी में बचाव के लिए, घर में बने काढ़ा पीने की सलाह दी।

विशेष-सांची मीटिंग कौशलेंद्र में प्रदेश को त्रैमासिक रिपोर्ट में कोहिनूर केटेगरी से नवाजा गया । कानुता में हुआ, नानी बाई का मायरा जिसमें गांव की बेटी बहनों जो बाहर रहती है, 180 बहनों ने भाग लिया, जिसमें मैनपुरी की श्रीमती बसंती तापड़िया की सहभागिता रही। प्रदेश प्रभारी श्रीमती सुजाता राठी एवं प्रदेश श्रीमती रंजना भट्टड ने 51000 की राशि देकर, माहेश्वरी महिला सेवा ट्रस्ट की सदस्य बनी।

अध्यक्ष-श्रीमती सीमा झंवर ❊ सचिव-श्रीमती नीलम मंत्री

अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा 'नेत्रम' वेबिनार आयोजित

अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन के अंतर्गत संजीवन सिद्धा (स्वास्थ समिति) ने 4 जनवरी 2024 को 'नेत्रम' आँखो की उचित देखभाल कैसे की जाए, पर वेबिनार आयोजित किया जिसमें 450 से अधिक लोगो ने लाभ लिया। महेश वंदना एव दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का आगाज राष्ट्रीय मन्त्राणी श्रीमती ज्योति राठी द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू बाँगड़ द्वारा स्वागत उद्बोधन व शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि आंखें शरीर का एक अभिन्न अंग है जिसके बिना जग सूना है इसलिए इस तरह के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक है। सूत्र संचालन स्वास्थ्य समिति राष्ट्रीय प्रभारी श्रीमती कुंतल तोषणीवाल ने बखूबी किया। मुख्य वक्ता डा अनघा हेरूर (अनिल शूश हॉस्पिटल मुंबई) का परिचय सह प्रभारी रीना राठी ने दिया। मुख्य वक्ता डॉ. अनघा हेरूर ने आँखो की उचित देखभाल, कांटैक्ट लेंस, मोतिया बिंद का ऑपरेशन कब और कैसे करवाना चाहिए, सिग्नल लाइट के 3 कलर लाल पीला हरे रंग के फ्रूट व सब्जियो का सेवन करने की सलाह दी। उन्होंने रोबोटिक कैटरेक्ट सर्जरी, मल्टीफोकल लेंस, मायोपिया के कारण व निवारण, डायबिटीज से होने वाले आंखों पर असर, आंखों की एंजियोग्राफी, काला मोतिया, आंखों का प्रेशर आदि बातों पर भी रोशनी डाली व आंखों से संबंधित भ्रांतियों को दूर किया। एमके इंटरनेशनल आई बैंक की डायरेक्टर, कार्यक्रम अतिथि श्रीमती उमा झंवर द्वारा शूश बैंक व नेत्र दान के बारे में बहुत ही सुंदर जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि एक स्वस्थ कोर्निया से 6 लोगो को लाभान्वित किया जा सकता है। साथ ही नेत्रदान हेतु अखिल भारत का हेल्पलाइन नंबर भी शेयर किया। कार्यक्रम की सटीक समीक्षा कुंतल तोष्णीवाल ने की व सभी से आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक नेत्रदान करें जिससे उनकी मृत्यु के बाद भी उनकी आंखें किसी के अंधेरे जीवन में रोशनी भर सके। राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड ने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि संक्रांति पर हमारे यहां दान की परंपरा है और नेत्रदान यदि हम करते हैं तो इससे बड़ा कोई दान नहीं है। सभी इस पुण्य कार्य के भागी बनें।

स्वास्थ्य सह प्रभारी डॉ. अल्पना लढ़ा, सुजाता राठी, प्रतिभा नत्थानी व अर्चना तापडिया द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर डॉ. अनघा ने सभी की जिज्ञासा शांत की। समिति प्रदर्शक श्रीमती मंजू हरकुट के आभार ने सभी का दिल जीत लिया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

कर्नाटक : माहेश्वरी सखी मंडल–बेलगाम

कुम्भकर्ण हनुमान,
वैदेहीहरण जटायुमरण

प्रस्तुत करते है–प्रभु श्री राम के चरणों में एक छोटी सी भेट – हम सभी रामभक्तों के लिए एक अद्वितीय पल आ गया है। महेश्वरी सखी मंडल , बेलगाम कर्नाटक , द्वारा बनाए गए विशेष वीडियो का आनंद लें, जो अयोध्या में श्रीराम मंदिर के पवित्र प्रांगण और राम लल्ला की प्राण प्रतिष्ठापना के अवसर पर हमारी तरफ़ से एक छोटी सी भेंट है।

जयश्रीराम

माहेश्वरी सखी मंडल

मध्य उत्तरप्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा नर सेवा नारायण सेवा

परोपकार वचन मन किया को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजुजी बांगड के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष सीमा झंवर, सचिव नीलम मंत्री के साथ 18 बहनों ने कानपुर के अपना घर आश्रम जहां मानसिक रूप से विक्षिप्त सदस्य (प्रभुजी जी) को भीषण ठंड से बचाव हेतु हीटर, टोपी, मफलर, मोजे, दरी, राशन, रोजमर्रा के समान साबुन, पेस्ट आदि का सहयोग दिया। **अध्यक्ष–श्रीमती सीमा झंवर * सचिव–श्रीमती नीलम मंत्री**

दक्षिण क्षेत्र की डायरेक्टरी अपराजिता का विमोचन

श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संक्राति व अन्नकूट के पावन अवसर पर दक्षिण क्षेत्र की डायरेक्टरी अपराजिता का विमोचन अखिल भारतीय महिला संगठन की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती गीताजी मूंदड़ा, सुशीलाजी काबरा एवं महिला सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष ललिताजी मालपानी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। अध्यक्ष श्रीमति साधना कचोलिया ने डायरेक्टरीअपराजिता को दक्षिण क्षेत्र की महिलाओं के लिए स्वरोजगार की दिशा में मील का पत्थर बताया। डायरेक्टरी की संपादकरैना लखोटिया ने बताया कि इसमें महिलाओं के कार्यक्षेत्र से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रकाशित की गई है जो आपसी सामंजस्य के साथ महिलाओं की उन्नति में सहायक होगी। विमोचन के अवसर पर प्रदेश सचिव शोभाजी माहेश्वरी सहित अन्य पदाधिकारीगण नम्रताजी बियानी, प्रमिलाजी भूतडा, डिंपलजी माहेश्वरी, पुष्पाजी मोलासरिया, अन्नपूर्णा मूंदड़ा एवं संयोजक रेखा भूतडा, वंदना मूंदड़ा के साथ ही ज्योति सोमानी, सीमा बेड़ियां, अनिता बांगड़, प्रज्ञा सोमानी, संगीता बियानी सहित सभी बहनें उपस्थित थी। सचिव पिंकी काकानी द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। संचालन संस्थापक अध्यक्ष दीप्ति भूतडा ने किया।

मध्य उत्तर प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा आयोजित राम महोत्सव

22 जनवरी भगवान श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में कानपुर में राष्ट्रीय संस्कृति समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती मंजू जी बांगड़ के नेतृत्व में कानपुर के माहेश्वरी सेवा ट्रस्ट, माहेश्वरी युवा संगठन, कानपुर महिला मंडल, माहेश्वरी पंचायती धर्मशाला माहेश्र्वरी स्कूल के लगभग 150 सदस्य का प्रदेश अध्यक्ष सीमा झंवर ने स्वागत किया। ढोल गाजे बाजे , ध्वजा राम नाम की टोपी, पताके लहराते हुए शोभा यात्रा, भजन कीर्तन का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सचिव नीलम मंत्री ने आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष–सीमा झंवर * सचिव–नीलम मंत्री

जरूरतमंद 20 बहनों को किराना सामग्री व ऊनी वस्त्र वितरण

श्री दक्षिण क्षेत्र माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा संक्रांति पर्व पर नर सेवा नारायण सेवा राष्ट्रीय प्रोजेक्ट के तहत प्रतिवर्ष अनुसार इस बार भी दिनांक 16 जनवरी को क्षेत्र की हमारी ही जरूरतमंद 20 बहनों को किराना सामग्री व ऊनी वस्त्र वितरण किए गए। इस अवसर पर अध्यक्ष साधना कचोलिया सचिव पिंकी काकाणी, निवर्तमान अध्यक्ष अन्नपूर्णा मुंदड़ा व अनीता बांगड़, प्रज्ञा सोमानी, कल्पना जाजू, शिखा हुरकट, दीप्ति मंडोरा, रेखा भूतड़ा, रैना माहेश्वरी, व अन्य उपस्थित थे।

भूल गए कर्म नेक

मानव होकर मानवता के भूल गए कर्म नेक,
जा रहे हो मनुज कहाँ जरा ठीठक कर देख।
'एनिमल' 'सालार' है हमारी विकृत मानसिकता,
मार–धाड़,हिंसा की पसंद कैसी यह आधुनिकता।
शांत, सरल, सौम्यता के कहाँ गए हैं सब भाव,
पशुओं–सा हुआ आचरण बात–बात पर खाते ताव।
झूठे अभिमान का तान लिया है अपने पर आवरण,
दगा दे रहा है हमको अब अपना ही यह वातावरण।
हवा भी शायद रूठ गई है रूठ गए हैं पंच तत्व,
विषाक्त कर प्रकृति को खो दिया है सब अपनत्व।
राम कृष्ण की इस भूमि पर प्रेम को माना है धन,
भोग विलासिता की भेंट चढ़ रहा तन–मन रूपी धन।

विनीता काबरा, जयपुर

निवेदन : सभी बहनों से निवेदन है कि ई–पेपर हेतु अपने–अपने प्रदेश की न्यूज कम से कम शब्दों में लिखें। क्योंकि इसमें जगह की कमी होती है। प्रमुख ई–पेपर में आपके प्रदेश का वीडियो है इसलिए कृपया अपने प्रदेश की न्यूज छोटी भेजें, जिससे प्रकाशन में तकलीफ नहीं आवे। –संपादक